मुख्यमंत्री ने सात नए पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया

चर्चा में क्यों?

12 जनवरी, 2022 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पाथ ऑर्गनाइज़ेशन के सहयोग से राज्य के विभिन्न अस्पतालों में सात नए पीएसए ऑक्सीजन प्लांट का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- पाथ संगठन के सहयोग से राँची के सदर अस्पताल में दो, जमशेदपुर के मर्सी अस्पताल में एक और चाकुलिया (पूर्वी सिंहभूम) तथा कुचाई (सरायकेला-खरसावां) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक-एक पीएसए ऑक्सीजन प्लांट अधिष्ठापित किये गए हैं।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास में प्रखंड से लेकर ज़िला स्तर तक स्वास्थ्य से संबंधित आधारभूत संरचना को मज़बूत किया जा रहा है, ताकि लोगों को उनके घर से निकटवर्ती अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर चिकित्सीय लाभ मिल सके।
- उन्होंने कहा कि आज हर ज़िले में पीएसए प्लांट अधिष्ठापित किये जा चुके हैं। कोरोना की जाँच के लिये आरटीपीसीआर और अत्याधुनिक कोबास मशीन भी उपलब्ध हैं।
- अस्पतालों में लगभग 25 हज़ार बेड उपलब्ध हैं। अब राज्य में ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड, आईसीयू और वेंटीलेटर की पर्याप्त उपलब्धता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cm-inaugurates-seven-new-psa-oxygen-plants